श्याम सलोने का प्यारा श्रृंगार है

दिलवाला रंगरसिया मनबसिया बड़ा प्यारा
दिलवाला मतवाला सारे जग का उज्ञियारा

श्याम सलोने का प्यारा श्रृंगार है,
कितना सुन्दर सांवलिया सरकार है ।
सजा दरबार है की छायी बहार है ।

मोर छड़ी हाथों में विराजे मोर मुकुट सिर पे है साजे ।
मोर मुकुट सिर पे है साजे-२,
कान में कुण्डल गल वैजन्ती हार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

बागा इनका बड़ा ही न्यारा जरीदार ये प्यार प्यारा ।
जरीदार ये प्यार प्यारा-२,
हीरे मोती रत्नों की भरमार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

केसर चन्दन है सुहाना खुशबू उड़े और करे दीवाना ।
खुशबू उड़े और करे दीवाना-2,
केसर के संग इत्तर की बौछार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

गेंदा और गुलाब मोगरा रजनीगंधा का है गजरा ।
रजनीगंधा का है गजरा-2,
जूही चमेली संग महके कचनार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

कलिकाल का ये अवतारी लीले की करता है सवारी ।
लीले की करता असवारी-2,
तीन बाण का ना पाया कोई पार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

बोलो जय श्री श्याम रे भक्तों 'राजू' ये कहता है सबको ।
निर्मल ये कहता है सबको-2,
श्याम नाम में ही जीवन का सार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/968/title/shyaam-salone-ka-pyara-shringaar-hai-kitna-sundar-saawaliya-sarkaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |